Yadav, Shri R. P.
Zulfiquar Ali Khan, Shri

NOES

Banerjee, Shri S. M.
Chandrappan Shri C. K.
Chavda, Shri K. S.
Chowhan, Shri Bharat Singh
Dandavate, Prof. Madhu
Deshpande, Shrimati Roza
Guha, Shri Samar
Limaye, Shri Madhu
*Mandal, Shri Yamuna Prasad
Mavalankar Shri P. G.
Mishra, Shri Shyamnandan
Mody, Shri Piloo
Mukerjee, Shri H. N.
*Pandey, Shri Narsingh Narain
Pandeya, Dr. Laxminarain
Sambhali, Shri Ishaque
Sezhiyan, Shri
Shastri Shri Ramavatar
Shastri, Shri Shiv Kumar
*Shetty, Shri K. K.
Singh, Shri D. N.
Sinha, Shri Satyendra Narayan
Ulaganambi, Shri R. P.
Vajpayee, Shri Atal Bihari
Yadav, Shri Shiv Shanker Prasad

MR. SPEAKER: The result† of the division is:

Ayes: 120.

Noes: 25.

*The motion was adopted*

SHRI H. R. GOKHALE: I introduce the Bill.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH): Sir, to avoid any misunderstanding or any confusion, I would like to mention at this stage that it is the intention of the Government to bring on the 8th, in the first instance, for consideration and passing the Bill introduced today by the Law Minister and then the Bill introduced today by Mr. Shinde.

---

**14.21 hrs.**

FINANCE BILL, 1974—*contd.*

MR. SPEAKER: We now take up further consideration of the Finance Bill. Shri Sat Pal Kapur was on his legs.

Now, as you already promised yesterday, this will be finished today.

SOME HON. MEMBERS: No, Sir.

MR. SPEAKER: This has to be passed today. You made a commitment yesterday.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA (Begusarai): This is one of the most important measures on which we want to have a full discussion. (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: You have to stick to the commitment made.

Yesterday, you made a commitment that it will be passed today and then the Private Members' business will be taken up.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: What is the time left now? The assumption was that there will be enough time for a discussion on this. We have gone upto about 2-30 p.m. now. Do you think we can finish it in an hour? We cannot do that.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH): May I make a suggestion for the consideration of the House? The Minister may be called after an hour. Then, the motion for consideration may be put to the

---

*Wrongly voted for Noes.

†The following members also recorded their votes for Ayes:— Sarvashri Yamuna Prasad Mandal, Narsingh Narain Pandey and K. K. Shetty.

[Shri K. Raghuramaiah]

House. The clause-by-clause consideration may be taken up at 3-30 p.m. The Bill may be passed at 4-30 p.m. So, we are postponing the non-official business by an hour. We will have Private Members' business from 4-30 to 7 p.m. (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय** : आपने कल जब सारा टाइम लिया और सारा एडजस्टमेंन्ट किया तो उसमें आपने वायदा किया था कि यह बिल आज पूरा होगा। अब कुछ भी हो, कुछ भी सर्कम्सटांसेज हों, आप लोग बड़े समझदार हैं जो बात आपने हाउस में कही है उसको पूरा करना चाहिए।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : (ग्वालियर) : यह कांस्टीट्यूशन अमन्डमेंट बिल भी लायेंगे यह नहीं मालूम था। हम समझते थे 12 बजे से चर्चा शुरू हो जायेगी।

**अध्यक्ष महोदय** : कल आपने कहा था कि इसको हम पास कर देंगे।

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** : कल यह कह देते कि हम दूसरी बातें पेश नहीं करेंगे।

**श्री मधु लिमये** (बांका) : अध्यक्ष महोदय मैं आपसे यह अर्ज करना चाहता हूं कि इस बजट सत्र की सारी पुरानी कार्यवाहियों को निकालकर आप देखेंगे तो जिस दिन निजी सदस्यों की कार्यवाही होती है, हर शुक्रवार को, उस दिन यह चल रहा है कि कोई न कोई सरकारी बिजनेस आ जाता है और निजी सदस्यों की कार्यवाही समाप्त कर दी जाती है।

**अध्यक्ष महोदय** : कभी नहीं।

**श्री मधु लिमये** : इस बजट सत्र में यह लगातार चल रहा है।

**अध्यक्ष महोदय** : मुझे बताये कब से ऐसा हुआ है। मैं चलता हूं, आप लाकर बतायें।

**श्री मधु लिमये** : इसलिए मेरा सुझाव है कि ठीक साढ़े तीन बजे निजी सदस्यों का बिजनेस लिया जाय उसके बाद अगर फाइनेन्स बिल पर चर्चा करनी हो तो 6 बजे के बाद देखा जायेगा। अभी साढ़े तीन से 6 बजे का समय निजी सदस्यों के विधेयकों पर चर्चा करने के लिए है और उसमें बिल्कुल कमी नहीं होनी चाहिए।

SHRI PILOO MODY (Godhra): A firm commitment was given in this House that, under no circumstances, the time of the Private Members' business will ever be shifted.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: The decision has always been made with the consent of the Opposition. (*Interruptions*)

SHRI PILOO MODY: Today we are not giving our consent.

SHRI MADHU LIMAYE: We are not giving our consent today.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): Sir, I have given notice of amendments to many clauses which are very important for us, though they may not be important for them. They may not accept any. That is a different thing. After all, we take interest and we have given notice of amendments to various Clauses. It is really surprising that the Minister of Parliamentary Affairs says suddenly that the Finance Bill has to be passed today. In that case, I would say that everything may be passed within one minute without any discussion. The Finance Bill is a Bill which gives effect to taxation proposals; taxes are imposed on the people. We want to move certain amendments and we have given notice of them. Even though our efforts may be futile, still we shall try and see whether anything can be accepted. Here is the Government with a massive majority

and they do not want to allow the opposition on opportunity to move their amendments.

MR. SPEAKER: You yourself agreed yesterday.

SHRI PILOO MODY: All agreement is subject to other agreements.

SHRI S. M. BANERJEE: You allowed the Minister to move that Bill today. The Bill was circulated to us only this morning and it was brought before the House for introduction at 12.30. You used your discretion—you have certain discretion—in favour of the Government, condoning their actions. Why can you not use your discretion in favour of the Opposition also, in favour of private members?

MR. SPEAKER: I used by discretion in your favour yesterday. The discussion on Finance Bill was put off yesterday to accommodate your request for discussion on railway strike and you went on and on till 8-30 p.m. This was expressly mentioned in this House and all of you agreed that we should put off the discussion on Finance Bill which could be taken up today. I really wonder how you can suddenly change your decision.

SHRI H. N. MUKERJEE (Calcutta—North-East): We do our parliamentary duty, and whatever discussions too place yesterday was on account of the urgency of the country's situation. And we are here today in the Budget Session of Parliament. On account of a legal barrier we had to have the whole thing guillotined; we were not able to discuss the Demands of most of the important Ministries. Now you are cutting short the discussion on taxation proposals also! What is the idea? Is this Parliament? This is the Budget Session. This is very important... *(Interruptions)*



MR. SPEAKER: When you, in future, come out with certain promises and commitments....

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: You are not being fair to us.

SHRI PILOO MODY: There is no question of Business Advisory Committee; what we discuss in the Business Advisory Committee, we do with a certain amount of give and take I suggest that you read your own rules on the subjects which are very clear. Here the rule is Rule 26.

MR. SPEAKER: Mr. Piloo Mody, kindly sit down. I am quoting. This was my observation.

> "There is an understanding that we start the discussion on the adjournment motion at three O' clock and if any part of it is left....."
> —I mean, the Finance Bill, I was proposing,—
>
> "...that will be the first item to be passed tomorrow. Is it all right? The Finance Bill has to be disposed of tomorrow. I think that is okay. Several Hon. Members: Yes"

SHRI PILOO MODY: 'Several Hon. Members: Yes' must be an innovation of our office into the record. Because, first of all, we do not all sing your choruses. Therefore I suggest that you do not quote these things. The fact of the matter is that these things require the concurrence, acceptance and cooperation with and of the opposition and the opposition is not giving it today. This is what I beg of you to understand, Sir.

SHRI S. M. BANERJEE: When you made certain observations yesterday while admitting the adojurnment motion what does it imply? It means, when you made that observation,

(S. M. Banerjee)

even you did not know that the Bill was coming up. They do not inform you at all when something is coming up. They always do something in the night and they did not inform you in the night; they arrest in the mid-night, they draft the Bill in the mid-night. They are mid-night dwellers...

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH): I would once again appeal to the House to pass this Bill today. I will give you the reason. The Finance Bill has to be assented to by the President before the 13th—on or before the 13th....

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: It is very far away.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: There are holidays. Why do you not listen to me please? 5th and 6th are holidays. The Rajya Sabha will take it up on the 8th or 9th. The Speaker has to sign it and then it has to go to the President. All these things are there. These are very carefully worked out. It must be passed today. The Hon. Speaker has ruled that it must be passed today.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष जी, अब जो कुछ कहा गया है उस से स्पष्ट हो गया है कि आज पास करने की जरूरत नहीं है। राष्ट्रपति महोदय को अपनी अनुमति 13 तारीख को देनी है ? फाइनेंस बिल हम 7 तारीख को पास कर सकते हैं।

MR. SPEAKER: Kindly sit down. I expected this. I advised the Minister, you do it today. He said, no, no, Sir we have to accommodate. And then is the result of accommodating!

AN HON. MEMBER: What accommodation, Sir?

MR. SPEAKER: I was given a definite understanding; that is why I agreed to that.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: Sir, my humble submission is this.

MR. SPEAKER: You all agreed to this yesterday.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: What I would lie to say is this. I would once again humbly appeal to the Opposition Members to cooperate in this matter and agree to pass this Bill as there is no time.

There is another proposition. That is, let the next item be over and then we shall sit and get this Bill passed. To one of the two things they must agree.

SEVERAL HON. MEMBERS: No, no.

SHRI S. M. BANERJEE: Sir, I rise on a point of order.

MR. SPEAKER: You yourselves had offered to sit after six O'clock.

SHRI S. M. BANERJEE: Sir, I rise on a point of order. My point of order is this. Just now the Minister for Parliamentary Affairs told us that it has to be assented to by the President on 13th. 5th and 6th are holidays. How much time is needed for the President to sign it?

MR. SPEAKER: You have already fixed the time next week.

*(Interruptions)*

MR. SPEAKER: I am not going to allow this remark. This is a reflection on the office of President. Have some limit.

I feel that there is obstruction at every stage. You bring in the office of President. It is wrong to bring in the name of the President. Please sit down.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: Sir, my submission is this. There is no difficulty created for the Government if this Bill is taken up on the 7th. We would like to see that it is taken up on 7th and we finish that day.

Now, according to the suggestion of the hon. Minister, if we sit after six O'clock, it will have to go for seven hours. Since seven hours are left, for the discussion of this important measure, it would not redound to the credit of Lok Sabha to summarily dispose of this Bill. The Finance Bill is a paramount measure and, I repeat, it would not redound to the credit to Lok Sabha to dispose it of summarily.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: If necessary we shall sit for the full time.

SHRI SHYAMNANIDAN MISHRA: It cannot be sumamrily disposed of.

SHRI VIKRAM MAHAJAN: The House may it up to and one 'O' clock if necessary. The Opposition does not want to sit beyond six. But, we shall sit after six O'clock and finish the Bill.

MR. SPEAKER: Then, what is your suggestion?

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: Since our friends are not willing to postpone the non-official business, all right, let this go on. After the non-official business, that is, at six O.clock we shall take up the Finance Bill and then, if necessary, we shall pass it to-night.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: We will not agree to this.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : अध्यक्ष जी ऐसी क्या जल्दी है?

MR. SPEAKER: I try to find a way out. But, both sides are not agreeing. So, I leave this to the House to decide.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: Are you going back on the decision which has been taken earlier?

MR. SPEAKER: I leave it to the House.

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** :: इस तरह् की बातें आप न करें। फाइन्सेंस बिल को हम ऐसे पास नहीं होने देंगे। कुछ लोग गलत बयानी करते हैं। हमारा एक भी कमिटमेंन्ट ऐसा नहीं जिसको हम आनर नहीं करते।

MR. SPEAKER: One suggestion is, we take the time whatever is available today and then have it on the next day. The suggestion from the Minister for Parliamentary Affairs is after this Private Members' Business is finished we keep sitting and finish the Finance Bill.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: In the circumstances we prefer to sit after Six.

SOME HON. MEMBERS: No no.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: Let it be passed just now in one minute.

SHRI ATALI BIHARI VAJPAYEE: Let the House sit on Monday.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: On Monday there is Buddha Purnima. As a second alternative if it suits the House let us sit tomorrow and pass it.

MR. SPEAKER: So, is it agreed that we sit tomorrow.

SHRI MADHU LIMAYE: I do not agree to it.

MR. SPEAKER: You must come to a settlement. They have agreed to sit tomorrow. The solution is that we sit tomorrow, that is, on Saturday.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : छः तारीख को छुट्टी है। हम उस दिन बैठ सकते हैं। हम छुट्टी नहीं चाहिये। हम छः तारीख को मीट करें।

**एक माननीय सदस्य** : उस दिन बुद्ध पूर्णिमा है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : तो क्या हुआ? क्या उस दिन काम नहीं हो सकता?

**श्री मधु लिमये** : शनिवार का हमारा पहले से प्रोग्राम बना हुआ है। सोमवार को लेना है तो मैं तैयार हूं।

MR. SPEAKER: So, we shall sit tomorrow.

**श्री सतपाल कपूर** (पटियाला) : मैं कल यह कह रहा था कि प्रोक्योरमेंट पालिसी जो आपने बनाई है इसके बार में हमारे पहले से शक और शुबहात थे और मैंने अपनी पार्टी में यह कहा था कि सरपलस स्टेट्स के अन्दर प्रोक्योरमेंट की पालिसी एक होनी चाहिये और डिफिसिट स्टेट्स में दूसरी होनी चाहिये।

**श्री मधु लिमये** : आप प्रस्ताव रखिये, मैं इसका विरोध करूंगा।

**अध्यक्ष महोदय** : जो इसके हक में हैं वे हाथ खड़ा करें। जो विरोध में हैं वे हाथ खड़ा करें।

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: There was no motion before the House.

MR. SPEAKER: I have just put it before the House.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: What did you put?

MR. SPEAKER: That we would sit tomorrow.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: There was no formal motion. What did you put to vote?

MR. SPEAKER: I put the proposal that we sit on Saturday for discussing the Finance Bill?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Who made the proposal?

MR. SPEAKER: I have made it on behalf of the hon. Members.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: I have already made the motion and Shri Vajpayee has accepted it.

MR. SPEAKER: I put Mr. Raghu Ramaiah's motion.

SHRI K. RAGHU RAMAIAH: If a formal motion is necessary I move that the House sit tomorrow and whatever time remains, we shall finish the discussion tomorrow and pass the Finance Bill; including the considering and passing overything will be completed tomorrow.

**श्री मधु लिमये** : हमारी एमेंडमेंट है। कोई अड़ंगा डालने के लिए मैं नहीं कर रहा हूं। सोमवार के लिए हम तैयार हैं। मेरी एमेंडमेंट है कि इसको मंडे को लिया जाये। इस संशोधन को आप सदन में रखिये कि सोमवार को फाइनेंस बिल पास किया जाए। हमारी एमेंडमेंट्स को आप खत्म करना चाहते हैं तो करिये, मुझे कुछ नहीं कहना है। मेरी एमेंडमेंट्स हैं जिन को मैं रखना चाहता हूं और हो सकता है कि आप किसी को मान लें। एक तो आपने मान भी लिया है। हमारी बात आप सुनना नहीं चाहते हैं। मैं कल यहां नहीं रहूंगा।

**श्री एस० एम० बनर्जी** : चार तारीख को क्वश्चय ओवर नहीं रहेगा। मेरा संशोधन

है हम लोग सवाल इन से इसी तरह से पूछें और ये जवाब देने के लिए तैयार हों।

**अध्यक्ष महोदय :** मेरा संशोधन है कि सिर्फ फाइनेंस बिल हो और कुछ नहीं। मिनिस्टर ग्राफ पार्लियामैंट्री एफयर्ज ने कहा है कि कल फाइनेंस बिल को लिया जाय। इसके बार में श्री लिमये ने कहा है कि सोमवार को लिया जाए। जो मिनिस्टर ग्राफ पार्लियामैंट्री एफेयर्ज के प्रस्ताव के हक में हैं--

**श्री मधु लिमये :** मैं सदन नेता से अपील करना चाहता हूं। अड़ंगा मैं नहीं डाल रहा हूं। मेरी एमेंडमेंट्स हैं। उन पर मैं बोलना चाहता हूं। हो सकता है कि उन में से दो चार आप मान लें। एक तो आपने मान भी ली है। अटल जी ने कहा है कि सोमवार को हम बैठें। उसके लिए हम तैयार हैं। हर चीज को हम वोट से तय न करें। सदन नेता से मेरी अपील है कि इसको वे मान लें।

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF ELECTRONICS AND MINISTER OF SPACE (SHRIMATI INDIRA GANDHI): Mr. Speaker, Sir, we also do not want to block Shri Madhu Limaye or anybody else from placing his amendments. Several of us may have to change our programmes and remain here tomorrow. It is not a question, therefore, of just one Member, but of many.

The point is that Monday is Buddha Purnima, which is the only holiday for the Buddhist's of India. It may not be a holiday for Shri Vajpayee or Shri Limaye. But is it proper for us to cancel their only holiday? Either we should agree to Shri Raghu Ramiah's suggestion, namely that we sit after six O'clock today, to which we had agreed, and it was the hon. Members opposite who raised objections to it, or we should sit tomorrow.

MR. SPEAKER: So, we shall sit tomorrow.

**श्री सतपाल कपूर:** (पटियाला) : स्पीकर साहब, हम लोग शुरू से कहते आ रहे हैं कि प्राक्युरमेंट पालिसी को चेंज करने की जरूरत है, लेकिन हमारी बात सुनी नहीं गई।

मैं आप की मार्फत सरकार को बताना चाहता हूं कि **इकानोमिक** टाइम्स और **फिनान्शल एक्सप्रेस** न पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश की मंडियों का सरवे किया है। ये दोनों अखबार कोई रेडिकल पेपर्ज नहीं हैं। इन दोनों अखबारों की पालिसी अब तक यह रही है कि होलसेयूर्ज को इस व्यापार में इन्ट्रोड्यूस किया जाये।

**14.51 hrs.**

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

ये दोनों अखबार अब तक हमारे मुल्क में प्रॉकपिटलिस्ट लाबी को रिप्रेज़ेन्ट करते रहे हैं। लेकिन इन दोनों अखबारों का सरवे यह बताता है कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश में होलसेलर्ज, अनाज के बड़े व्यापारी, लेवी न देने के लिए अंडरहैंड टैक्टिक्स यूज कर रहे हैं।

हम ने अखबारों में पढ़ा है कि पंजाब, हरियाणा और दूसरी सरप्लस स्टेट्स में हमारी प्रोक्यूरमट कम हो रही है और मंडियों में अनाज कम आ रहा है। इस लिए मैं तजवीज करना चाहूंगा कि सरकार इस मामले पर दोबारा गौर करे। मेरी तजवीज यह है कि सरप्लस स्टेट्स में प्राक्यूरमेंट सिर्फ़ सरकारी एजेन्सी की मार्फत करनी चाहिए और सरकार को उस में होलसेलर्ज को इन्ट्रोड्यूस नहीं करना चाहिए।

[श्री सतपाल कपूर]

मैं एक व्हीट-ग्रोइंग एरिया से आता हूं। इस साल पंजाब से सेंट्रल पूल में 22 लाख टन अनाज मिलने वाला था। पिछले साल पंजाब से सेंट्रल पूल में 27 लाख टन से ज्यादा अनाज मिला। लेकिन आज वहां पर होलसेलर्ज जिस तरह अंडरहैंड टक्टिक्स के साथ अनाज के व्यापार को सम्भाल रहे हैं, उस से सरकार को 22 लाख टन अनाज नहीं मिलेगा।

आखिर सरकार की पालिसी क्या है? सरकार चाहती है कि किसी भी ढंग से चाहे होलसेलर्ज की मार्फ़त और चाहे सरकारी एजेन्सी की मार्फत, मक्सिमम प्राक्यूरमेंट हो। लेकिन पिछले तीन हफ्तों का तजुर्बा यह है कि सरकार होलसेलर्ज व्यापारी की मार्फत किसी भी तरह प्राक्यूरमेंट नहीं कर सकती हैं। चूंकि पिछले साल स्टेट टेक-ओवर आफ व्हीट की हमारी पालिसी पूरी तरह कामयाब नहीं हुई, इस लिए हमारे कोल्ड फ़ीट हो गये और उस से डर कर हम ने इस साल अनाज का व्यापार व्यापारियों की मार्फ़त करने का फैसला किया ह। लेकिन जिस ढंग से व्यापारी आज इस मामले में कनफ्यूजन पैदाकर रहे हैं, और ज्यादासेज्यादा मुनाफा कमाने की कोशिश कर रहे हैं, उस की वजह से सरकार की यह नई पालिसी भी कामयाब नहीं हो सकती है। मैं आप की मार्फ़त सरकार को कहना चाहता हूं कि उस की यह नीति गलत है और इस लिए उस को बदलना चाहिए।

अभी हमारे मिनिस्टर आफ एग्रीकल्चर दो तीन दिन पहले चंडीगढ़ गये और उन्होंने वहां पर कहा कि सरकार इस नई पालिसी को बोलने के हक़ में नहीं है। जो एग्रीमैंट हुआ था, उस में कहा गया था कि होलसेलर कोई चार मिलियन और पांच मिलियन टन व्हीट प्राक्यूर कर के सरकार को देंगे, उस में 50 परसेंट व्हीट, लेवी वाली व्हीट, 105 रुपये पर-क्विटल के हिसाब से जो कि गवर्नमेंट की मुकर्रर की हुई प्रोक्यूरमेंट प्राइस है, और 50 परसेंट 150 रुपये पर-क्विंटल के हिसाब से देंगे। लेकिन अब होलसेलर्ज की लार्बी, और उन के नुमायंदे, यह कोशिश कर रहे हैं कि फी सेल गन्दुम की कीमत 150 रुपये से ज्यादा बढ़ाई जायें। वे चाहते हैं कि वह कीमत 160 रुपये या 170 रुपये पर-क्विटल मुकर्रर की जाय। इस पालिसी के इन्ट्रोड्यूस होने के तीन हफ्ते के अन्दर अन्दर वह फ़ेल होने जा रही है। श्री शिन्दे ने चंडीगढ़ में कहा है—यह अखबारों में आया है—कि सरकार इस मसले पर ग़ौर कर रही है—कि मेक्सिमम सेल प्राइस क्या हो। गवर्नमेंट को इस फैसले पर कायम रहना चाहिये कि वह 150 रुपये प्रति क्विंटल से ज्यादा कीमत पर बेचने नहीं देगी। इस लिए यह पालिसी फ़ेल हो रही है।

अगर सरकार होलसेलर्ज को और पैसा देना चाहती है, तो उसे हम को बताना चाहिए कि वह कितना पैसा होलसेलर्ज को देना चाहती है और क्या लाजिक है? मैं बताना चाहता हूं कि होलसेलर्ज सरकार को ब्लैकमेल करेंगे—वे पहले भी ब्लैकमेल करते रहे हैं और आगे भी करेंगे। सरकार को उनके जाल में नहीं फंसना चाहिए। मैं यह बात सरकार, फ़िनान्स मिनिस्टर साहब और एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब को समझाना चाहता हूं और भगवान् से प्रार्थना करता हूं कि मेरी बात उन की समझ में आ जाय। मुझ उम्मीद बहुत कम है, लेकिन शायद मेरी प्रार्थना सुन ली जाये और वे इस पालिसी को बदल दें।

**15.00 hrs.**

हमें कहा जाता है कि नैशनल इमर्जेन्सी है। ठीक है उस के लिए हम पैदावार कर रहे हैं, हम सरकार का साथ देते हैं और नैशनल पूल में अनाज देते हैं। लेकिन आज हालत यह है कि पंजाब के लोगों को पंजाब की गन्दुम खाने की इजाजत नहीं है। पंजाब में लोगों को सड़ी-गली गन्दुम दी जाती है। पता नहीं, सरकार कहां से कूड़ा-कर्कट ला

कर उनको देती है। सरकार पंजाब से गन्दुम बाहर ले जाती है और पंजाब के लिए वह बाहर से गन्दम लाती है।

इस लिए मेरी समझ में नहीं आता है कि सरकार की पालिसी क्या है, वह किस तरह की एडमिनिस्ट्रेशन रन कर रही और किस की भलाई के लिए रन कर रही है। पंजाब के लोग चाहते हैं कि जो गन्दुम हम पैदा करते हैं,उस का एक हिस्सा हमारे खाने के लिए पंजाब में रहने दिया जाये। मैं श्री चव्हाण को बताना चाहता हूं कि पिछले साल हम ने साढ़े सताईस लाख टन व्हीट सैंट्रल पूल में दी। हम चाहते थे कि उसमें से हमारी रेक्वायरमेंट पूरी कर दी जाये। पंजाब के लोग देसी गन्दम खाने के आदी हैं। वे 591, 227 और कल्याण इस्तेमाल करते हैं। वे चाहते थे कि जो चीज वे पैदा करते हैं, उन को वही खाने की इजाजत दे दी जाये। लेकिन पिछले साल हमें यह तर्जबा हुआ कि हमें वह व्हीट नहीं दी गई और कोई दूसरी व्हीट लाकर हमें दी गई। हम सिर्फ यह चाहते हैं कि पंजाब की रेक्वायरमेंट चार लाख टन की है, और वह हमारी प्रोक्यूर की हुई व्हीट में से ही दे दी जाये।

कुछ लोग कहते हैं कि इस मुल्क में इकानोमिक क्राइसिस है और कुछ लोग कहते हैं कि पोलिटिकल क्राइसिस है। लेकिन मैं समझता हूं कि अगर इस मुल्क में कोई क्राइसिस है, तो वह काम न करने का क्राइसिस है। हमारे पास रिसोर्सिज हैं और हमारे पास लोग हैं, लेकिन हम उन लोगों को काम में नहीं लगाते। अभी परसों मेरे एक सवाल के जवाब में बताया गया कि 124 के करीब ऐसे इन्टर-स्टेट वाटर इरिगेशन के डिसपूट्स हैं, जिन की वजह से इस मुल्क में बिजली और आबपाशी के जरिये पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हो रहे हैं। उन 124 में से 37 मेजर प्राजेक्ट्स हैं और 87 छोटे प्राजेक्ट्स हैं।

ये तमाम प्रोजेक्ट्स इन्टर-स्टेट प्राबलम्ज की वजह से रुके हुए हैं। इन पर 1580 करोड़ रुपया खर्च आना है। और यह 1580 करोड़ रुपया कहां से आयेगा? इस में कोई सन्देह नहीं कि वह रुपया सैंट्रल पूल से आयेगा। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि सैंट्रल गवर्नमेंट हमारे नाम से थियन डैम पर कितना पैसा लगाती है। पंजाब ने कोई अपने पैसे से थियन डैम नहीं बनाना है। हरियाना को कोई नहीं बनाना है, गुजरात या महाराष्ट्र या किसी दूसरी स्टेट को कुछ नहीं बनाना है। अपने रुपये से इन्ह प्राजेक्ट्स पर कुछ नहीं लगाना है। इन तमाम स्टेट्स को आप को लोन देना है और आठ आठ दस दस साल हो गए थे प्रोजेक्ट्स आप के पास आये पड़ हैं और इन प्राजक्ट्स के लिये कभी आप एक चीफ मिनिस्टर को बुलाते हैं कभी दूसरे को बुलाते हैं और उन की भिन्नता करते हैं कि आप अपना एग्रीमेंट कर ल कि जब ये प्रोजक्ट्स कम्प्लीट होंगे तो उस वक्त आप को कितनी बिजली मिलेगी और कितना पानी मिलेगा। हमें शर्म आती है इस बात पर कि तमाम पैसा सटर ने देना है। स्टेट्स को सिर्फ बांटना है प्रोडक्शन होने के बाद और आठ साल आप सिर्फ इसलिए बैठ रहे कि स्टेट्स कब फैसला कर पाती हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आज भी सटर यह फैसला कर ले कि ये तमाम प्राजक्ट्स गोदावरी, नर्मदा, कृष्णा, कावरी, रावी, ब्यास, थीम डैम और इन के साथ जुड़े हुये जितने प्रोजक्ट्स हैं इन को वह अपने हाथ में ले कर बनाना शुरु कर दे। प्रोजेक्ट्स की कास्ट लगी हुई है, कम्प्लीशन पीरियड लगा हुआ है। जब से ये प्रोजेक्ट्स इंट्रोड्यूस हुए हैं तब से लेकर आज तक कास्ट आफ कांस्ट्रक्शन ड्योढ़ी हो गई है। अगर आज इन प्रोजेक्ट्स का हम इस्तेमाल करे तो 15 मिलियन हैक्टर जमीन इरिगेशन के अन्दर आ सकती है। इतनी नई जमीन एग्रीकल्चर के नीचे आ सकती है। आज हम सारे मुल्क

[श्री सतपाल कपूर]

में अनाज की पैदावार के बारे मे सोचते हैं। एग्रीकलचर को कैसे माडर्नाइज किया जाये, खेती की पैदावार को कैसे बढ़ाया जाय, सब, इस बारे में सोचते हैं। लेकिन 15 मिलियन हैक्टर जमीन हमारी इर्रीगेट इसलिए नहीं हो रही है कि हम ने ये जो इंटरस्टेट पावर और वाटर डिस्प्यूट्स हैं उन को सेटिल नहीं किया। अगर सारे एग्रीकल्चर सेक्टर में होने वाली पैदावार के आंकड़े हम लगाए जब कि ये इंटर-स्टेट वाटर डिस्प्यूट्स न होते तो 1 हजार करोड़ रुपये हम एडीशनल ऐग्रीकलचरल प्रोडक्शन कर पाते और आज हम जो सोचते हैं कि व्यापारी अनाज ला कर देंगे या नहीं देंगे, मेरी समझ में आज भी अनाज की कमी नहीं है, प्रापर हैंडलिंग की कमी है। मेरा इस सरकार पर, इस डिपार्टमेंट पर यह चार्ज है कि अनाज का प्रापर हैंडलिंग नहीं किया जा रहा है। इसी तरह से अगर ये इरिगेशन के तमाम प्रोजेक्ट्स हम क्लीयर कर दें तो अनाज की कमी न रहे......... (**व्यवधान**)......... मेरा काफी समय कल और आज इंटरप्शन में चला गया है, इसलिए मुझे थोड़ा और समय दिया जाये।

MR. DEPUTY-SPEAKER: There were no interruptions during your speech. You are imagining interruptions. Nobody interrupted you.

**श्री सतपाल कपूर** : एक हजार करोड़ रुपये की हम ऐग्रीकल्चर सैक्टर में पैदावार बढ़ा सकते हैं। अभी मेरे पास पूरे फिगर्स नहीं हैं कि इससे कितनी बिजली जनरेट होगी और उस से हमारी पैदावार कितनी बढ़ेगी।

हमें पढ़ कर बड़ी शर्म आती है कि फोर्थ फाइव ईयर प्लान में बिजली की प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए हमने तकरीबन 4500 मैगावाट के जैनेरेटर और बिजली के दूसरे इंस्ट्रूमैंट और एक्विपमेंट खरीदे लेकिन वह तमाम मशीनरी हमारी स्टोर्स में पड़ी है, उस का इस्तेमाल नहीं किया गया। क्यों नहीं किया गया, किस की रेस्पांसिबिलिटी है, यह अभी तक किसी पर फिक्स नहीं की गई। अगर यह 45 सौ मैगावाट बिजली जो हम चौथे प्लान में बनाने वाले थे और जिस के लिए हमने मशीनरी इम्पोर्ट की, जेनरेटर और इक्विपमेंट इम्पोर्ट किए, वह बना लेते तो आज हम जिस क्राइसिस को फेश रहे हैं उस को न फेस करना पड़ता। हम कारखाने लगाना चाहते हैं लेकिन नहीं लगा सकते क्योंकि हमारे पास एलेक्ट्रिसिटी नहीं। हम ऐग्रीकलचर को इसलिए माडइज नहीं कर सकते कि हमारे पास बिजली नहीं है। अभी यह खबर अखबारों में आई तो आज हिन्दुस्तान टाइम्स में इरीगेशन एंड पावर डिपार्टमेंट की तरफ से यह जवाब आया है कि यह खबर गलत है कि हम ने 45 सौ मैगावाट की मशीनरी या जेनरेटर जो थे उन को यूज़ नहीं किया, हम उन को यूज कर रहे हैं, लेकिन अभी कुछ देर और लगेगी जब हम यह कह पाएंगे कि कब तक हम इस को कम्प्लीट कर पाएंगे। मैं आप के मार्फत सरकार से इतना विश्वास चाहता हूं कि हमें कम्प्लीशन डेट दी जाये, पार्लियामेंट को बताया जाय कि मुल्क में बिजली की इतनी जो क्राइसिस है उस को दूर करने के लिए हम ने जो इतना रुपया खर्च किया है और यह तमाम मशीनरी जिन प्रोजेक्ट्स के लिए आ चुकी है, वे कब तक कम्प्लीट हो जायेंगे? .. (**व्यवधान**) ..........इसी रिपोर्ट में यह कहा गया है कि 400 मैगावाट के जनरेटर जरूर स्टोर में पड़े हैं। 400 मेगावाट के लिए हमने कोई प्लानिंग नहीं किया है। अभी अखबार में खबर आई कि गाजियाबाद, फरीदाबाद और मुजफ्फरनगर वगैरह में तमाम फैक्ट्रीज बन्द हैं। हरियाना में पंजाब में तमाम फैक्ट्रीज बन्द हो गई क्योंकि बिजली नहीं है।

MR. DEPUTY SPEAKER: Now conclude.

**श्री सतपाल कपूर** : सेंटर की जो इन्वैस्टमेंट सारे हिन्दुस्तान के अंदर है उस की थोड़ी सी फिगर मैं रखना चाहता हूं। सारे हिन्दुस्तान में तरक्की हुई.........

MR. DEPUTY-SPEAKER: You have taken 15 minutes today. Yesterday you took three minutes.

**श्री सतपाल कपूर** : पंजाब में पिछले दस साल में आप ने 31 करोड़ रुपये से ले कर अब तक जो सेंटर की तरफ से प्रोजेक्ट्स लिए हैं वह सिफ 7 करोड़ के एकस्ट्रा लिए हैं। हिमाचल प्रदेश में कोई प्रोजेक्ट्स आप ने नहीं दिया है। हरयाना में दिया है। जम्मू और काश्मीर में कोई नही दिया है। पंजाब, हरियाना, हिमाचल प्रदेश और जम्मू काश्मीर ऐसे इलाके हैं जहां से आप एक्सपोर्ट ओरिएंटेड इंडस्ट्री पैदा करते हैं। ये तीन चार वे सूबे हैं जो सैकड़ों करोड़ रुपये का फारेन एक्सचेंज ला कर देते हैं। लेकिन इन स्टेट्स में इंडस्ट्री की क्या हालत है ? उन को किसी भी रा मैटीरियल का प्रापर कोटा नहीं मिलता।

MR. DEPUTY-SPEAKER: That is a very big subject which will take you a long time.

**श्री सतपाल कपूर** : उन की रिक्वायरमेंट के मुताबिक उन की जो असेस्ड कैपेसिटी है उस के 5 परसेंट से ज्यादा आप नहीं दे पाते हैं। तो मैं उम्मीद करता हूं कि माननीय मंत्री जी इस पर ध्यान देंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Kapur, now you have to cooperate. There are a large number of your party men who want to speak.

SHRI P. G. MAVALANKAR (Ahmedabad): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I am grateful to you for calling me. I am not going to offer my comments and suggestions to the hon. Finance Minister and the Government in spirit of partisanship, much less of destructive criticism. I do realise that not only the Government, but all of us in the country, are enveloped by a tremendously unprecedented crisis, a crisis which is not only economic, financial and fiscal in its nature, but a crisis which is all pervasive; it is political, educational and administrative; in fact, it is a total crisis. There is not much point in putting all the blame at one door, namely, the door of the Government. Certainly, there are other areas also where the responsibility and the blame, if at all they have to be borne, lay. But I do want to suggest in all humility and in all anguish certain points in this debate on the Finance Bill.

If you look at the various aspects of the financial situation of the country, you will find that inflation is going up by leaps and bounds. Indeed, today's *Financial Express* has on its middle page a report which says that inflation has now reached a record level of 29 per cent in the current year, namely, 1973-74. Along with this, there is the question of deficit financing. Although the Finance Minister hopefully started by saying that he will print lesser notes, when the year closes, he will have to come to the House and announce to the country that more and more notes are being printed and, consequently, there will be more of deficit financing. Therefore, the whole economy is disturbed and upset. It is not as if the Finance Minister alone is responsible for this situation. It is partly a question of the national character of our people.

The question of tax evasion is haunting us for the last so many years, and the habit of evading taxes has been increasing as years pass by. There is not only the question of tax arrears but also this question of tax evasion. Now, it is obvious that tax evasion has brought about considerable amount of unaccounted money, so much of black money. I know, the Finance Minister himself is very keen that the Bill which is before the Select Committee gets through as early as

[P. G. Mavalankar]

possible. But even that particular measure does not go far enough in the direction of eradicating black money.

I do realise that the Government are faced or rather beset with a number of difficult situations. I shall not talk about all points. But let me say a word or two about wasteful Government expenditure, I would like to know whether the Government is really seriously taking steps to see that expenditure on development plans is proportionately increased and the expenditure on matters which can wait and which ought to wait is reduced. I hope, the Government will look into this problem more carefully because, even after repeated assurances from the Finance Minister and from the Government in general, I find, the wasteful Government expenditure is still of a very high order. Surely, if that can be curbed, then the Government will be able to give a good example to other sectors and to the country at large. I find, it is not only private sector and private industrialists and people with unaccounted money that go for a conspicuous and ugly consumption, go for luxuries, go to hotels and indulge in a luxurious way of living but even in governmental spending, one gets a feeling that the Government is not mindful of every single paisa which has to be rightly saved and, thereby, earned also.

Then, I want to say a word or two about the special role of the Ministry of Finance. With the years passing by after Independence, the work of the Finance Ministry has increased. There have been Departments within the Ministry of Finance, the Department of Economic Affairs and many other Departments. There is the question of internal and external debt; there is the question of balance of payments position; there is the question of getting money from the International Monetary Fund and the World Bank and so on. I find, by and large, the Finance Ministry is not able to act as an efficient and competent coordinating agency between various Department and Ministries of the Government. I would like the Finance Minister to go into this question and see to it that the Finance Ministry becomes an effective and meaningful instrument, an institution, like the Treasury in the United Kingdom, which will not only coordinate various Departments and Ministries but will also bring about a well-knit, disciplined and integrated administration in Government.

Having said this about the financial aspect of the matter, may I in the remaining part of my brief speech come to the more general observations? As I said at the outset, the country is passing through an unprecedented and all pervasive crisis which can be seen in the financial and economic, political and administrative, educational, cultural and social spheres. But the tragedy is that in spite of such a crisis, there does not seem to be at least emerging in concrete terms any alternative. I feel very sorry to find that not only the Government with a large majority, whether at the Central level or at the State level, is unable to function meaningfully but also the opposition parties, whether they are of the right or of the left or of the centre, are not able to provide any concrete alternative to the present regime and situation in the country at large. This is really a very difficult and a desperate situation. Most of the people do not belong to this or that party. They are not fanatic or dogmatic about it. They, after all, go by the results. As Laski used to say, "I am not interested in what the State says. I am interested in what the State does." Similarly the people are not interested in what the Opposition parties say. They are interested in what they do. I find, increasingly over a number of years, even the Opposition parties are by and large, failing the nation at large just as the Government is failing the nation at large. Therefore, the people who

belong to no party are somehow sandwiched between the Government which is unable to function and the Opposition parties which are unable to provide a meaningful and concrete alternative....

MR. DEPUTY-SPEAKER: You are yourself one of them.

SHRI P. G. MAVALANKAR: I have the privilege of being a no-party Member in this House. I would like to say that I view the matters in a national perspective. The fact that I have often to criticise very severely the present Government is only indicative of the tremendous deterioration in the Government itself. I do not criticise the Government for the fun or the sake of criticising it. I do, sincerely, feel that generally in our country today, whether it is ruling party or the Opposition parties, all political parties at various levels have lost credibility in the eyes of the people, and I do find that although we all talk of parliamentary democracy and democracy in general, over a period of time many of us, specially the literate citizens, the educated citizens, the responsible citizens, are increasingly having lesser and lesser sense of law.

There is no respect for law. In the name of *satyagraha* and civil disobedience so many things are happening. It is very difficult for anybody to say that people have a sense of law. If people, basically, have no sense of law and have no respect for law, how will there be a strong foundation of democracy built? And this is my difficulty. If we as law-makers—I am not mentioning any particular member; I am talking generally—in this country give the impression before the general public of our great nation that we are both law-makers and law-breakers, then I am afraid we are also responsible for making people's faith in democracy go down. Therefore, I have raised the question of rule of law. On the top of the Chair which you are adorning, Mr. Deputy-Speaker, it is written:

धर्म चक्र प्रवर्तनाय

It has been taken from the ancient times of King Ashoka. But people, by and large, today find that there is everywhere '*Adharma*'; there is no *dharma*. There is no rule of law. The so-called VIPs are not "very important persons" today; most of them have become "very insignificant persons" in the eyes of the public at large. They have lost all credibility in the eyes of the common man. So, let us not go about the exercise of condemning each other. Let us jointly think over the matter frankly and openly, and see how we can come out of it. The present climate of conformism, this climate of complacency, this climate of casualness must go. Today, there is kind of conspiracy of selfish silence.

तेरी भी चुप, मेरी भी चुप जो कुछ करना हो करते रहो।

This kind of philosophy, this kind of attitude, this kind of behaviour I am sorry to say, makes it very difficult for anybody to have faith in Parliamentary democracy.

I know that you, Mr. Deputy Speaker, are very eager to make me sit. Therefore, I would say a word in conclusion about corruption. It is at fantastically high level. If anybody talks about anything, the main point of discussion is where will this country go, what will happen to the country in this crisis, when will you stop this corruption. It is very difficult to find how a beginning can be made. But let us make a beginning with ourselves.....

MR. DEPUTY-SPEAKER: I agree with you.

SHRI P. G. MAVALANKAR: If we can start and see that corruption stops, that we will not use unaccounted money for election purposes, that we will win not anyhow but with the legitimacy and support of the people, then I feel that a good deal will be alright.

About the Fifth Five-Year Plan, what a tragedy we have come to that one meeting has taken place in the Planning Commission for the last four or five months. And no discussion has been allowed in this House on the Fifth Plan. Therefore, it is a very difficult situation. I know Mr. Chavan is a great lover of books and you, Mr. Deputy-Speaker, are also a great lover of books. I would like him to read a book, which has come to my attention recently, by a French writer Ran Dumont, who is a Professor at National Institute of Agronomy in Paris. In this book, "*Socialisms and Development*", there is one chapter on India, and the heading is very significant; the heading is 'Verbal Socialism and contempt for Work in India'! I hope this Government will stop verbal socialism and will start showing respect for work and efficiency in this country.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Although we are not normally bound by the order given by the whip, yet we try to cooperate for better and smooth functioning. Dr. Kailas makes a request that I should break the queue and give him the first chance. If the members of Congress Party who are before him have no objection, I will call him...

SHRI N. K. SANGHI (Jalore): I am going away tomorrow morning...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Then I cannot help. Mr. Rajdeo Singh's name is the first. I will call him. This is your internal party matter.

Mr. Rajdeo Singh. You have only ten minutes.

At 3.30 p.m. we have to take up the Private Members' Business.

SHRI N. K. SANGHI: Will the Finance Bill be discussed tomorrow?

MR. DEPUTY SPEAKER: Yes.

MR. Rajdeo Singh.

**श्री राजदेव सिंह** (जौनपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे सामने जो वित्त विधेयक है उसी प्रकार के 26 और वित्त विधेयक, जबसे स्वराज्य हुआ है इस देश में, पास हुए है। बजट में जो प्रस्ताव होते हैं अमीरों से पैसा लेने के और गरीबों को ऊपर उठाने के लिए उस पर वह पैसा खर्च किया जाता है। इसी का यह नकशा होता है जैसे हम यहां बजट के रूप में या वित्त विधेयक के रुप में बहस करते हैं। लेकिन 27 साल के स्वराज्य के बाद आज हमारे देश में गरीबों की क्या हालत है, कहां तक गरीबी हटाने में हम सफल हुए हैं, आपके सामने थोड़े में जो हालत है देश के भीतर वह मैं रख देना चाहता हूं।

हमारे देश में 55 करोड़ की आबादी है जिनमें 40 परसेंट लोग स्टार्वेशन लाइन पर हैं। 69 परसेंट लोग ऐसे हैं हमारी पापुलेशन में जिनकी कमाई एक महीने में 15 रुपए से ज्यादा नहीं है। 40 हजार ऐसे लोग हैं जो बड़े शहरों में अपना खून ब्लड बैंक को बेच कर अपना जीवन निर्वाह करते हैं। अगर ब्लड बैंक हर एक छोटे छोटे शहर में भी होते तो ऐसे लोगों की संख्या भी लाखों में होती। यह एक गरीबी का चित्र है जो 27 वर्ष के स्वराज्य के बाद भी हमारे सामने आज आता है। इतना ही नहीं, आज हमारे देश में 70 फीसदी बच्चे जिन्हें पौष्टिक आहार मिलना चाहिए, वे रात को सोने जाते हैं तो भूखे पेट यानी उनका पेट भरा नहीं रहता है। वे बच्चे हमारे देश के भावी नागरिक होने वाले हैं। ये हमारे 70 फीसदी बच्चे जो भूखा पेट ले कर के सोने जाते हैं वे कैसे हमारे

देश के नागरिक बनेंगे उनकी कल्पना की जा सकती है। इसी प्रकार आज 70 परसेंट लोगों के लिए ठीक वस्त्र पहनने का ठिकाना नहीं है, उनके लिए शिक्षा भी नहीं है और उन्हे यह भी नहीं मालूम कि देश की परिभाषा क्या है। दुनिया किस तरह की है, दुनिया में कितने देश हैं और क्या संगठन है। उनको उसका कोई ज्ञान नहीं है। इस तरह की जिन्दगी वे बिता रहे है। इतना की नहीं, चार पंचवर्षीय योजनायें पूरी हो जाने के बाद भी आज हमारे देश में एक तिहाई जिले ऐसे हैं जो प्यासे हैं वहां के लोगों को ठीक पानी पीने का इन्तजाम नहीं है। यह सारी बाते हैं। इस देश में गरीबी का एक नक्शा मालूम होता है।

गवर्नमेंट यह जवाब देगी कि हम गरीबी दूर करने के लिए प्रयत्न कर रहे है और काम हो रहा है लेकिन यह बात हमें नहीं भूलनी है कि 30 वर्ष आगे, आज जो हमारी आबादी 55 करोड़ है वह 110 करोड़ होने जा रही हैं। उस समय हमें दूने मकान की जरुरत पड़ेगी उस समय हमें दूने अस्पतालों के बेड्स की जरुरत पड़ेगी, उस समय हमें दूनी शिक्षा की जरुरत पड़ेगी और उस समय हमें दूने फूड-ग्रेन्स की जरुरत पड़ेगी। क्या उसको हम पूरा कर सकेंगे यदि गरीबी हटाओ के मामले में इसी गति में धीरे धीरे हम चलेंगे। अभी तक लोग इग्नीरेन्ट हैं, हमने स्लोगन्स और लच्छेदार शब्दों से लोगों को समझाये रखा लेकिन आप यकीन माने, अगर यही हालत रही तो लोग मानेंगे नहीं क्योंकि स्लोगन्स से उनका पेट भरनेवाला नहीं है हमारे पायस इटेन्शन्स और हमारे वर्डस् से उनका पेट भरने वाला नहीं है, उन्हे तो पेट भरने के लिये अन्न चाहिये, रहने के लिए मकान चाहिए और पहनने के लिए कपड़ा चाहिए। आज हालत क्या है? डा० के० कृष्णमूर्ति (इंडियन रिसर्च इंस्टीट्यूट) का कहना है कि 19 मिलियन यानी 190 लाख टन फूडग्रेन्स हर साल डेमेज या लास्ट होते है अगर इसका 50 परसेंट भी हम बचा लें तो अपनी तमाम जरुरत को पूरा कर लेंगे विदेशों से अन्न मंगाना नहीं पड़ेगा बल्कि साथ ही साथ 4 सौ या 5 सौ करोड़ का अन्न हम एक्सपोर्ट भी कर सकेंगे। आज गवर्नमेंट को कोशिश करनी चाहिए कि यह जो हमारी प्रापर्टी, हमारी वेल्थ का एक लीकेज हो रहा है डेस्ट्रक्शन की शक्ल में उसको किस तरह से रोका जाये। 19 मिलियन टन फूड-ग्रेन 15 सौ करोड़ रुपए की की मालियत का होता है।

मेरे पास फाइनेन्स मिनिस्ट्री के कुछ आंकड़े हैं जिनके अनुसार 5001–7500 इनकम ग्रुप के जो 39.6 परसेंट असेसी हैं वे साढ़े तीन परसेंट में कर रहे हैं और 25 परसेंट 7501–10000 इनकम ग्रुप में जो सेसी हैं वे 5.7 परसेंट पे कर रहे हैं। इस प्रकार 65 परसेंट असेसी से वह 10000 से नीचे के हैं। अब 10,00 रुपए तक की आमदनी वाले इतनी बड़ी संख्या में जो असेसी है, जो छोटा छोटा इनकम टैक्स देते हैं उनको अगर इनके टैक्स से एग्जेम्पट कर दिया जाये यानी एजेम्पट लिमिट को 10,000 रुपए तक बढ़ा दिया जायेतो बहुत सा हमारा खर्चा जो इनकम टैक्स मशीनरी पर टैक्स वसूल करने के लिए करना पड़ता है उसको बचाया जा सकता है। इसलिए मैं अनुरोध करुंगा कि फाइनेन्स मिनिस्टर ने जो एग्जेम्पशन लिमिट 6 हजार रखी है उसको दस हजार कर दे जिससे बहुत सा काम कम हो जायेगा। यह इसलिए भी बहुत जरुरी है कि आज मुद्रा स्फीति है, इन्फलेशन है प्राइसिज आसमान छू रहीं हैं आपने ही कहा था कि बाजार से बाथ सोप गायब हो रहा है। रेलवे का स्ट्राइक होने वाली है और दुकानदार इतनी अकल रखते हैं कि सामान का आना जाना बन्द हो जाये (व्यवधान) इसलिए उन्होंने उसको छिपा दिया है। इसके अलावा जैसे कि मैं ने कहा आज एक रूपए की पर्चेजिंग कैपेसिटी क्या है उसकी कैपेसिटी 30.8 पैसे है। इस तरह से दस हजार का हिसाब लगाया जाये तो दस हजार रुपये केवल 3,500 रूपए के बराबर होते हैं। इसलिए

[श्री राजदेव सिंह]

मेरा कहना है कि इनकम टैक्स लगाने की जो आपने स्लेब रखी है उसमें दस हजार रुपए तक की एग्जेम्पशन लिमिट होनी चाहिए क्योंकि आज दस हजार रुपये की कीमत 35000 रुपए से ज्यादा नहीं है ऐसी हालत में तो वास्तव में जिनकी आमदनी महीने में 300 रुपये की है, जिनकी साल की आमदनी 3600 रुपए बनती उनको भी टैक्स किया जा रहा है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: It is going to be 3-30.

श्री राजदेव सिंह : अभी तो आधी स्पीच हुई है, मैं कल बोल लूंगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Either you conclude or you take five minutes more.

SHRI RAJDEO SINGH: Then give me five minutes more.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You can take five minutes more and finish it. We can shift the Private Members' Business by five minutes forward. Now, you try to to conclude.

SHRI VIKRAM MAHAJAN: Let him speak tomorrow.

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are so many speakers. Please conclude.

श्री राजदेव सिंह : हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर ने अपने बजट प्रस्तावो में ऊपर के स्लैब के लोगों को टैक्स रिलीफ दी है। दस लाख से ऊपर की आमदनी वाले जो इनकम टैक्स देते हैं उनको हम 1,871,97 रुपये की रिलीफ देंगे और 10,000 रु० पर जो रिलीफ दे रहे हैं वह 22 रू० है, जबकि 10 लाख रु० पर जो आप रिलीफ दे रहे वह 1,87 1,97 रु० है। इस का मतलब यह है कि जो गरीब है वह और गरीब हो और अमीर और अमीर हो। आप ने अमीर का टैक्स 97 परसेंट से घटा कर 77 परसेंट कर दिया और 6,001 रु० जिसकी आमदनी है उस से टैक्स लिया जा रहा है। इस से गरीबी हटने के बजाय और बढ़ेगी।

इतना ही नहीं तीन किस्तों में पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ाये गये। पहले 1 लिटर पैट्रोल 1 रू० 41 पैसे में मिलता था। उस पर 1 रुपया 4 पैसे ऐक्साइज ड्यूटी थी और 37 पैसे क्रूड का दाम तथा रिफाइनिंग, सेल कमीशन एजेंट आदि शामिल था। उस के बाद दाम बढ़े और दाम दो रु० कुछ आने हुआ। अबकी बार क्रूड का दाम बढ़ा उसके साथ साथ 100 पैसे एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी गई और दिल्ली का सेल्स टैक्स मिला कर एक लिटर पट्रोल 3 रु० 19 पैसे में मिलता है। तो एक रु० जो एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी इस से ज्यादा अच्छा यह होता कि पैट्रोल मंहगा न करते बल्कि राशन कर देते . . .

MR. DEPUTY SPEAKER: What is your suggestion? What has to be done? What is the last thing you want to say?

श्री राजदेव सिंह : मेरा पहला सुझाव यह है कि इन्कम टैक्स की एग्जेम्पशन लिमिट 10,000 रु० होनी चाहिए। इस के अलावा जिन के पास इन्कम टैक्स ऐरियर्स 5 लाख या उस से ज्यादा है, वह प्रापर्टी अटैच करके वसूल कर लेना चाहिए और डाइलेटरीप्रोसीजर को अखत्यार नहीं करना चाहिये, तीसरा सुझाव यह है कि जूट, टी और शुगर एक्सपोर्ट को नेशनलाइज किया जाये। इस से सरकार को बहुत आमदनी हो जायगी। चौथा सुझाव यह है कि पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स की टीसेंट प्राइस राइज से जो आमदनी होगी वह सारी कोस्मोपोलिटन शहरों के पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर खर्च की जायेगी। ऐसा न करके दाम को कम किया जाय। अगर आप गांवों की तरक्की चाहते हैं जहां देश की 80 फीसदी जनता रहती है तो रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए, इरीगेशन के लिए और रुरल रोड्स के लिए आप इन्तजाम कर द

तमाम मिनिस्ट्रीज में मिलाकर 200 करोड़ रु० आप ओवर टाइम अलाउन्स के रुप में देते हैं। इस को रोक कर आप तीन, चार लाख लोगों को यू० डी० सी० ग्रेड की तनख्वाह में नौकरी दे सकते हैं।

MR. DEPUTY SPEAKER: You want that over-time should be cut down drastically. What next.

श्री राजदेव सिंह : फिल्म और सिनेमा टिकट पर टैक्स बढ़ा दिया जाय, और पोस्ट कार्ड पर जो टैरिफ है 10 से 15 पैसे उसे न बढ़ाया जाय क्यों कि पोस्ट कार्ड गरीब लोग इस्तेमाल करते हैं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, we shall take up Private Members' Business. Bills to be introduced. First, Shri Hukam Chand Kachwai. The hon. Member is absent. Then Shri Madhu Limaye.

---

15.35 hrs.

SUPREME COURT (CONFERMENT OF ADDITIONAL POWER) BILL*

श्री मधु लिमये (बांका) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि कतिपय रिट जारी करने के लिये उच्चतम न्यायालय को अतिरिक्त शक्तियां प्रदान करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to confer on the Supreme Court additional powers to issue certain writs."

*The motion was adopted.*

श्री मधु लिमये : उपाध्यक्ष महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

---

51.35½ hrs.

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

AMENDMENT OF ARTICLE 145

श्री मधु लिमये (बांका) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरः स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाय ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

*The motion was adopted.*

श्री मधु लिमये । उपाध्यक्ष महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The next Bill is in the name of Shri Rana Bahadur Singh. The hon. Member is absent.

---

15.36 hrs.

MINIMUM WAGES (IN ALL TYPES OF EMPLOYMENT) BILL*

SHRI VIKRAM MAHAJAN (Kangra): I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for payment of a minimum wage of rupee one per hour in all types of Government or private employment.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to provide for payment of a minimum wage of rupee one per hour in all types of Government or private employment."

*The motion was adopted.*

SHRI VIKRAM MAHAJAN: I introduce the Bill.

---

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, section 2, dated 3.5.1974.